दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

**आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।**

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, गुरुवार 13 जनवरी 2022 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-04, अंक- 107

## महत्वपूर्ण एवं खास

### महाकाल मंदिर के नंदी हॉल व गर्भगृह में नहीं मिलेगा प्रवेश

**उज्जैन (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के धार्मिक नगरी उज्जैन में कोविड के बढ़ते संक्रमण और नए वैरिएंट के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए भगवान महाकालेश्वर मंदिर में अब दर्शनार्थियों को मंदिर के नंदीहाल और गर्भगृह में प्रवेश पर पूर्णत प्रतिबंध लगा दिया गया है। भगवान महाकालेश्वर में देश विदेश से आने वाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है। मंदिर प्रशासक ने बताया कि मंदिर के गर्भगृह और नंदीहाल में दर्शनार्थियों को प्रवेश पूर्णतः बंद है। यह आगामी आदेश तक जारी रहेगा। इसके अलावा सामाजिक दूरी बनाये रखने के लिए दर्शनार्थियों की संख्या सीममित रखी जाएगी और निःशुल्क ऑनलाइन बुकिंग के बाद ही सामान्य दर्शनार्थी दर्शन कर सकेंगे।

### अंध विश्वास के चक्कर मे युवक ने काटा गला, मौत

**सोनभद्र (आरएनएस)।** उत्तरप्रदेश के सोनभद्र में घोरावल कोतवाली क्षेत्र में सोन नदी घाटी एरिया से सटे धौराकुंड गांव में बुधवार को रहस्यमय हाल में एक युवक ने गंड़ासे से वार कर अपनी गर्दन को धड़ से अलग कर दिया। युवक द्वारा अपने घर में अंजाम दी गई। इस वारदात की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामले की जानकारी करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि सीताराम यादव (22) पुत्र गोरा लाल यादव कविता की पांच से छह माह पहले बीमारी से मौत हो गई थी। उसके बाद से सीताराम लगातार सदमे में था। उसकी मानसिक बीमारी की हालत को देखते हुए उसका इलाज भी कराया जा रहा है। बताते हैं कि बुधवार की सुबह आठ बजे के करीब बेचैनी की हालत में वह अपने घर में इधर-उधर टहल रहा था। इसी बीच अचानक उसने शोर मचाना शुरू कर दिया कि कुछ लोग उसकी गर्दन काट रहे हैं। उसकी बात सुनकर जब तक वहां उसके भाई विनोद यादव और परिवार के अन्य सदस्य पहुंचे तब तक उसने घर के एक कोने में पड़ा गड़ासा उठाकर अपने गर्दन पर सीधा वार कर लिया। वार करते करते ही उसकी गर्दन धड़ से अलग हो गई और तड़पती हालत में उसका शरीर लहूलुहान होकर नीचे गिर पड़ा। यह देख जहां परिवार के लोग सन्न रह गए। वहीं, पूरे परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों ने चिखना-चिल्लाना शुरु कर दिया। चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गया और इस तरह की लोमहर्षक वारदात देख अवाक रह गए।

### हाईटेंशन लाइन टूट जाने से 39 गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित

**हरदोई (आरएनएस)।** उत्तराखण्ड के हरदोई अरवल थाना क्षेत्र के बेडीजोर पुल के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन टूट जाने से रामगंगा नदी के पार के लगभग 39 गांवों के 3 दिन से बिजली आपूर्ति बाधित है। पलिया विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत रामगंगा नदी पार के लगभग 39 गांवो को बिजली आपूर्ति के लिए बेड़ीजोर पुल के ऊपर से 11,000 हाईटेंशन लाइन की केबल डाली गई थी जो रविवार को बारिश के दौरान पुँक जाने से रामगंगा नदी पार के करीब 39गांव 4 दिन से अंधेरे में है। बीते अक्टूबर में आई बाढ़ के दौरान रामगंगा नदी में कई पुल बह जाने से रामगंगा नदी पार के करीब 39 गांवो की विद्युत आपूर्ति करीब एक माह बंद रहने के बाद बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता एके सिंह, एसडीओ दयानंद शर्मा तथा अवर अभियंता वीरेंद्र रावत के नेतृत्व में बिजली कर्मियों की टीम ने कई दिन में हाई टेंशन लाइन की केबल डाल कर बिजली आपूर्ति बहाल की थी। एक माह बाद रविवार को रामगंगा नदी पार के बारामऊ, कुड़ापुरा ,ढकपुरा गढिया, बूचापुर, दहेलिया, बेसहारा, अहिरनपुरवा, सुलखामऊ,मुरवा-शहाबुद्दीनपुर, जवाहरपुरवा, किसुन पुराबेहटालाखी, मुरचिया, मुरचारामनगर, प्यारीपुरआलमपुर,अदनियापुर, झडापुरवा पतारपुरवा समेत करीब 39 गांवो की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। जिससे करीब 80 हजार की आबादी प्रभावित हो रही है। इस संबंध में पलिया विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता वीरेंद्र रावत ने बताया कि लाइन ठीक कर बिजली आपूर्ति जल्दी चालू करा दी जाएगी।

# देश में थमने का नाम नहीं ले रहा कोरोना : 24 घंटे में 194720 नए मामले, 442 लोगों की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना की तीसरी लहर की मुश्किलें बढ़ती जा रही है और हर दिन तेजी के साथ कोरोना संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी होने क कारण सक्रीय मरीजों में बेताहशा बढ़ोतरी देखी गई है। मसलन म महज एक पखवाड़े में ही साढ़े आठ लाख से ज्यादा मरीजों की वृद्धि देखी गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के जारी आंकड़ो के मुताबिक कोरोना पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,94,720 नये मामले सामने आए और 442 और मरीजों की मौत की पुष्टि की गई। इस प्रकार अब तक देश में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 3,60,70,510 हो गई है, जिनमें 4,868 मामले ओमीक्रोन स्वरूप के हैं। मंत्रालय के मुताबिक देश में एक्टिव मरीजों की संख्या 9,55,319 दर्ज की गई, जो कोरोना की तीसरी लहर के दौरान पहली बार ऐक्टिव मामले 9 लाख पार हो गए हैं।

यह आंकड़ा अब तक आए कुल कोरोना मामलों का 2.65 फीसदी है। वहीं रिकवरी रेट भी कम होकर 96.01 फीसदी ही रह गया है। जबकि पिछले एक दिन में 442 और मरीजों की मौत होने से कोविड-19 के मृतकों की संख्या 4,84,655 पर पहुंच गई है। वहीं राहत की बात ये भी है कि बीते एक दिन में कोरोना से ठीक होने वालों की संख्या 60 हजार 405 रही और अब तक देश में 3,46,30,536 लोग कोरोना संक्रमण मुक्त होकर ठीक हो चुके हैं। दैनिक संक्रमण दर भी बढ़कर 11.05 फीसदी हो गया है। वहीं देश में अब तक कुल 1,53,80,08,200 टीकाकरण किया जा चुका है।

**ओमीक्रोन के कुल मामले 4868 पहुंचे-** देश में बुधवार को ओमीक्रोन के कुल 4,868 मामलों में से 1,805 लोग अब तक स्वस्थ हो चुके हैं या देश से बाहर चले गए हैं। महाराष्ट्र में सर्वाधिक 1,281 मामले सामने आए हैं। इसके बाद राजस्थान में 645, दिल्ली में 546, कर्नाटक में 479 और केरल में 350 मामले सामने आए हैं। मंत्रालय ने बताया कि उपचाराधीन मरीजों का प्रतिशत संक्रमण के कुल मामलों का 2.65 प्रतिशत हैं जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर घटकर 96.01 प्रतिशत हो गई है।

**देश में ऐस चला कोरोना का ग्राफ-** देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ के पार और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।

**दिल्ली में 25 हजार नए मामले-** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने आज कोरोना के ताजा हालात पर जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि, दिल्ली में आज 25 हजार नए कोरोना के मामले सामने आ सकते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि, अगर केस 2-3 दिन में कम हुए तो हम पाबंदियां हटाने पर विचार कर सकते हैं। अस्पतालों में बेड की उपलब्धता पर सत्येंद्र जैन ने बताया कि, कल हमारे 12,400 बेड खाली थे और 2200 बेड भरे थे। पिछले 3-4 दिन से अस्पतालों में भर्ती होने की संख्या बढ़ नहीं रही है, ऐसा लगता है कि जल्दी ही गिरावट आएगी।

# पीएम सुरक्षा चूक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बनाई जांच कमिटी, पूर्व जस्टिस इंदु मल्होत्रा करेंगी अगुवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक जांच कमिटी गठित की है जिसकी अध्यक्षता पूर्व जस्टिस इंदु मल्होत्रा करेंगी। कमिटी देखेगी कि पीएम की सुरक्षा में क्या चूक हुई, इसके लिए कौन जिम्मेदार है और ऐसी घटना दोबारा ना हो, इसके लिए भविष्य में क्या किया जाए। ये फैसला सीजेआई एनवी रमना, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस हिमा कोहली की बेंच ने सुनाया है। एकतरफा जांच के दोषारोपण को दूर करने को जांच समिति बनाई गई है।

इसमें पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल और चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक, एनआईए के आईजी, पंजाब के एडीजी (सुरक्षा) भी शामिल हैं। इससे पहले सोमवार को कोर्ट ने कहा था कि वह एक सेवानिवृत्त शीर्ष अदालत के न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक स्वतंत्र समिति का गठन करेगा। यह मामला 5 जनवरी का है, जब प्रधानमंत्री पंजाब दौरे पर थे। वह विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए फिरोजपुर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में किसानों के धरना देने के कारण सड़क ब्लॉक थी, जिसके चलते पीएम का काफिला 15-20 मिनट तक फ्लाईओवर पर ही फंसा रहा।

बता दें कि स्थिति में कोई सुधार नहीं होने पर उन्हें अपना दौरा रद्द कर वापस लौटना पड़ा था। केंद्र सराकर ने पंजाब पुलिस पर लापरवाही आरोप लगाया और कहा कि पीएम की सुरक्षा से जुड़े ब्लू बुक नियमों का पालन नहीं किया गया है।

# मुलायम सिंह के समधी और कांग्रेस के पूर्व विधायकों ने भाजपा का दामन थामा

**नई दिल्ली (आरएनएस)** । उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रही है राजनीतिक गहमागहमी उसी तरह बहुत ही गर्म हो रही है। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य सहित दो तीन विधायकों के इस्तीफे के बाद वहां की राजनीति कुछ ज्यादा ही गर्म हो गई है। उत्तर प्रदेश में प्रमुख विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक और मुलायम सिंह यादव के समधी हरिओम यादव सहित कांग्रेस के विधायक नरेश सैनी और सपा के पूर्व विधायक धर्मपाल यादव ने जनता पार्टी का दामन थाम लिया। मुलायम सिंह यादव के समधी हरिओम यादव के भाजपा में आने के बाद एक तरफ भाजपा जहां पहले से ज्यादा मजबूत दिखेगी उत्तर प्रदेश में तो वहीं समाजवादी पार्टी के लिए यह बहुत ही बुरी खबर है कि उनके एक वरिष्ठ विधायक और परिवार के काफी निकटतम व्यक्ति भाजपा में शामिल हो गए हैं। पूर्व विधायक धर्मपाल यादव सहित कांग्रेस के विधायक को भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। इन सभी सदस्यों की सदस्यता ग्रहण के मौके पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

# निलंबित आईपीएस जीपी सिंह को दो दिन के रिमांड पर ईओडब्ल्यू-एसीबी को सौंपा गया

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित निलंबित आईपीएस जीपी सिंह को गिरफ्तार करने के बाद आज राजधानी रायपुर के कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे दो दिन के लिए रिमांड पर ईओडब्ल्यू-एसीबी को सौंपा गया है।

आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने और राजद्रोह के मामले में फंसे जीपी सिंह लंबे समय से फरारी काट रहे थे। एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम जीपी सिंह को दिल्ली में जाकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद जीपी सिंह को आज रायपुर लाया गया और यहां लाते ही उसे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में

ईओडब्ल्यू-एसीबी ने जीपी सिंह से रिमांड पर लेकर पूछताछ करना चाहती थी इसलिए जीपी सिंह को 7 दिन के लिए रिमांड की मांग करते हुए आवेदन भी किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए जीपी सिंह को दो दिन के लिए ईओडब्ल्यू-एसीबी के हवाले किया गया है। इन दो दिन में ईओडब्ल्यू-एसीबी के अधिकारियों द्वारा जीपी सिंह से उनके घर से मिली डायरी और 10 करोड़ रूपये से अधिक अनुपातहीन सम्पत्ति के बारे में पूछताछ करेगी।

कोर्ट में पेश करने से पूर्व जीपी सिंह को ईओडब्ल्यू-एसीबी के दफ्तर में करीब डेढ़ घंटे तक पूछताछ भी की गई। कोर्ट में पेश होने से पहले जीपी सिंह ने कहा कि मुझे फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि एफआईआर में जो प्रापर्टी दिखायी गई है वो प्रापर्टी हमारी है ही नहीं और न ही उस प्रापर्टी से कोई हमारा लेना-देना है। विदित हो कि एडीजी के पद पर पदस्थ रह चुके निलंबित आईपीएस जीपी सिंह के घर से लेकर अन्य ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू की संयुक्त टीम ने छापेमार कार्रवाई की थी। इस कार्यवाही में जीपी सिंह की आय से अधिक 10 करोड़ रुपये से अधिक की अनुपातहीन संपत्ति का पता लगाया था। इसके अलावा एसीबी को जीपी सिंह के घर से की एक डायरी भी हाथ लगी है जिसमें सरकार के खिलाफ षड़यंत्र रचने का जिक्र किया गया है जिसके बाद एसीबी की टीम कोतवाली थाना में जीपी सिंह के खिलाफराजद्रोह समेत अन्य मामलों में एफआईआर दर्ज की है।

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का ट्विटर अकाउंट हैक, एलन मस्क के नाम से किए ट्वीट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के ट्विटर अकाउंट से छेड़छाड़ किए जाने की खबर है। ट्विटर खाते से बीते कुछ समय से लगातार 'ग्रेट जॉब' के ट्वीट हो रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अकाउंट का नाम अपने आप बदल गया है। प्लेटफॉर्म पर नया नाम 'एलन मस्क' नजर आ रहा है। हालांकि, मंत्रालय ने जानकारी दी है कि खाते को रिस्टोर कर लिया गया है। बीते साल दिसंबर में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खाता हैक होने की खबरें सामने आई थीं।

प्रधानमंत्री मोदी का ट्विटर हैंडल कुछ समय के लिए हैक कर लिया गया और इससे एक ट्वीट किया गया कि भारत ने 'आधिकारिक रूप से बिटकॉइन

को कानूनी मान्यता दे दी है।' बाद में, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि ट्विटर के समक्ष मामला उठाए जाने के बाद अकाउंट को तुरंत सुरक्षित कर लिया गया। पीएमओ ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ट्विटर हैंडल कुछ देर के लिए हैक कर लिया गया था। मामले को ट्विटर के समक्ष उठाया गया और अकाउंट को तत्काल सुरक्षित कर लिया गया। अकाउंट के कुछ समय तक हैक रहने के दौरान साझा किए गए किसी भी ट्वीट को नजरअंदाज किया जाए।'

प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तिगत ट्विटर हैंडल को कुछ समय के लिए हैक किए जाने के बाद एक ट्वीट में यह भी दावा किया गया कि भारत ने आधिकारिक तौर पर 500 बीटीसी खरीदें हैं और उन्हें वह अपने नागरिकों के बीच वितरित कर रहा है और इस संबंध में एक लिंक भी साझा किया गया। इसमें कहा गया, भविष्य आज आपके सामने है।

कई यूजर ने तत्काल कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अकाउंट हैक हो गया है। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी. वी। जैसे कुछ लोगों ने अब हटाए जा चुके ट्वीट का स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए ट्वीट किया, 'सुप्रभात मोदी जी, सब चंगा सी?'

यह पहली बार नहीं है जब प्रधानमंत्री से जुड़े किसी ट्विटर हैंडल से छेड़छाड़ की गई है। सितंबर 2020 में, उनकी निजी वेबसाइट का हैंडल हैक कर लिया गया था और तब भी एक अकाउंट से बिटकॉइन को बढ़ावा देने वाले ट्वीट पोस्ट किए गए थे। मोदी का अकाउंट अकेला नहीं है जिसे हैकर ने क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन को बढ़ावा देने के लिए निशाना बनाया है। इससे पहले अमेरिका के पूर्व प्रधानमंत्री बराक ओबामा, बिल गेट्स सहित कई प्रसिद्ध हस्तियों के अलावा मनोरंजन जगत से जुड़े लोगों के ट्विटर हैंडल को निशाना बनाया जा चुका है।

# अयोध्या से चुनाव लड़ेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

## » दिल्ली में पार्टी की बैठक में हुई चर्चा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को भाजपा अयोध्या सीट से विधानसभा चुनाव में उतारने की तैयारी में है। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी है। भाजपा में टिकट बंटवारे पर मंथन पहले ही शुरू हो चुका है। यहां दिल्ली में कोर कमिटी की मीटिंग में सीएम योगी आदित्यनाथ भी अपने दोनों डिप्टी सीएम के साथ मौजूद थे। पार्टी के एक नेता ने बताया कि दिल्ली में हुई मीटिंग में सीएम योगी आदित्यनाथ किस सीट से चुनाव लड़ेंगे, इस बात को लेकर भी चर्चा हुई। पार्टी नेता ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ को अयोध्या से उतारे जाने से पूरे प्रदेश में हिंदुत्व का संदेश जाएगा। हालांकि सीएम योगी आदित्यनाथ को मथुरा सीट से भी लड़ाए जाने की चर्चाएं थीं। यहां तक कि भाजपा के सांसद हरनाथ यादव ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर मांग की थी कि सीएम योगी को मथुरा से चुनाव लड़ाया जाना चाहिए। उन्होंने लिखा था कि कृष्ण भगवान ने मेरे सपने में आकर कहा था कि सीएम योगी को मथुरा से लड़ाया जाना चाहिए। गोरखपुर से 5 बार सांसद रहे सीएम योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व के बड़े चेहरे माने जाते रहे हैं।

# घर बनाने के लिए पैसे मांगना भी दहेज : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि घर के निर्माण के लिए ससुराल वालों से पैसे मांगना दहेज की मांग है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे एक अपराध बताया है. साथ ही कोर्ट ने एक मामले में दोषियों की सजा को बहाल किया है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि घर के निर्माण के लिए पैसे की मांग करना एक दहेज की मांग है, जो भारतीय दंड संहिता की धारा 304बी के तहत अपराध है।

सुप्रीम कोर्ट ने दहेज हत्या के एक मामले में दोषी व्यक्ति और उसके पिता की सजा को बहाल करते हुए यह टिप्पणी की। चीफ जस्टिस एनवी रमना, जस्टिस एएस बोपन्ना और

जस्टिस हिमा कोहली की बेंच ने कहा 'दहेज' शब्द को एक व्यापक अर्थ के रूप में वर्णित किया जाना चाहिए, ताकि इसमें एक महिला से की गई किसी भी मांग को शामिल किया जा सके, चाहे संपत्ति के संबंध में हो या किसी भी तरह की मूल्यवान चीज के संबंध में। क्या है मामला मध्य प्रदेश की एक महिला ने दहेज उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। महिला को घर बनाने के लिए पैसे देने के लिए ससुराल वाले परेशान कर रहे थे और उसपर दबाव बना रहे थे। महिला का परिवार घर के निर्माण के लिए पैसे देने में असमर्थ था। इस कारण महिला ने परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। निचली अदालत ने इस मामले में महिला के पति और ससुर को आईपीसी की धारा 304बी, 306 और 498ए के तहत दोषी ठहराया था। यह भी पाया गया था कि आरोपी मृतक महिला से घर के निर्माण के लिए लगातार पैसे की मांग कर रहे थे। महिला का परिवार पैसे नहीं दे पा रहा था।

परिणामस्वरूप महिला को लगातार परेशान किया गया और उसे प्रताड़ित किया गया। दोषी पति और ससुर ने इसको मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने यह कहते हुए दोषसिद्धि और सजा के फैसले को खारिज कर दिया था कि मृतक ने खुद ही अपने परिवार से घर के निर्माण के लिए पैसे देने के लिए कहा था। हाई कोर्ट ने पाया कि आरोपियों के खिलाफ 304बी के तहत अपराध स्थापित नहीं किया गया था, क्योंकि मृतक महिला से कथित तौर पर घर बनाने के लिए पैसे की मांग की गई थी, जिसे दहेज की मांग के रूप में महिला की मौत के उक्त कारण से नहीं जोड़ा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने निचली अदालत के फैसले को सही माना है और हाई कोर्ट के फैसले को पलटते हुए आरोपियों को दोषी ठहराकर सजा की बहाली कर दी। दहेज एक सामाजिक बुराई बेंच ने कहा कि दहेज की मांग वाली सामाजिक बुराई से निपटने के लिए भारतीय दंड संहिता में धारा 304बी का प्रावधान किया गया था। बेंच का कहना है कि धारा 304बी के प्रावधान समाज में निवारक के रूप में काम करने और जघन्य अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हैं।